देश विरोधी ताकतें राष्ट्र को कर रही कमजोर : राव

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। शहर के आदर्श विद्या मंदिर बांदीकुई में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बांदीकुई के द्वारा राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विश्व हिंदू परिषद विनायक राव देशपांडे ने उपस्थित सनातनियों को राम जी के आदर्शों पर चलकर इस राष्ट्र के उत्थान में सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि हमारे समाज में बहुत सारी कुरीतियां हैं देश विरोधी व सनातन विरोधी ताकते है जो समाज को बाटकर राष्ट्र को कमजोर करना चाहती है।

जाति के नाम पर उच्च नीच के नाम पर क्षेत्र के नाम पर सनातनियों को एक दूसरे के खिलाफ वरगलाकर झूठे नेगेटिव सेट करके आपस में लड़वाना चाहती हैं इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमको सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि जन-जन के आराध्य भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी होगी हम सब के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने पग पग पर हम सबके लिए मर्यादा स्थापित की है फिर भी आज हमारे परिवार टूट रहे हैं हमारी संताने संस्कार विहीन हो रही हैं वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है इसका सीधा-सीधा मतलब यह जब तक हमारी संतानों में संस्कार नहीं होंगे तो हमको इसके बहावह परिणाम भुगतने पड़ेंगे ऊंचे नीचे के नाम पर समाज को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जबकि भगवान राम ने प्रत्येक प्राणी मात्र चाहे गिरीकंदराओ रहने वाले हो या जंगलों में रहने वाले हो सबको गले लगाया सबको साथ लेकर के चले सब के उत्थान के लिए कार्य किया और हम राम को अपना आदर्श मानने वाले उनके नाम का स्मरण रात और दिन करते हैं लेकिन सोचने की आवश्यकता है की राम जी ने जो मर्यादाएं स्थापित की उनको अपने जीवन में नहीं उतारते अगर हम रामजी के जीवन चरित्र का उनके किए गए कार्यों का जो उन्होंने समाज को सक्षम बनाने के लिए समाज के उत्थान के लिए राष्ट्र के उत्थान के लिए किया उसका थोड़ा सा भी अपने जीवन में अनुकरण करेंगे तो निश्चित ही राष्ट्र का उत्थान होगा समाज सुखी व समृद्ध होगा । उन्होंने कहा के मातृभूमि के प्रति प्रेम भी भगवान राम का आदुतीय था जब लंका में लक्ष्मण जी ने लंका की सुंदरता का वर्णन करते हुए वहीं रह जाने का आग्रह किया तब भगवान ने मां और मातृभूमि को स्वर्ग से भी बड़ा बताया और कहा की मातृ भूमि और मां से बड़ा कोई नहीं हो सकता चाहे वह सोने की हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि हमको अपने जीवन में अपने कार्यों को करते हुए अपने परिवार मे यह ध्यान रखना होगा कि हमारे परिवारों में राम जी के अनुयायी है ऐसे संस्कार दिखने चाहिए हमारे आने वाली पीढ़ियां हमारे नौजवान अगर संस्कारित होंगे तो अपने परिवार और अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होंगे राष्ट्र के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में बांदीकुई नगर और आसपास के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद के प्रांत मंत्री राधेश्याम समरसता प्रमुख देवी सहाय विभाग संयोजक नरेश कुमार विभाग मंत्री परमानंद शर्मा विभाग संगठन मंत्री विष्णु के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एडवोकेट खेम सिंह गुर्जर प्रखंड मंत्री श्रीकांत गुप्ता पवन महावर बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख जीतू बसवा अध्यक्ष महेंद्र छावडी आदि बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

गोविंदगढ़ से दिल्ली के लिए चलेगी सीधी ट्रेन : डीआरएम

मॉर्निंग न्यूज @ गोविंदगढ़। जिले के गोविंदगढ़ कस्बा में आगरा के मंडल रेल प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल ने गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुन:विकास किया गया है, जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल 2025 में ही करने जा रहे हैं। इसके चलते आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने गोविंदगढ़ स्टेशन पर सुविधाओं पर जाएगा लिया। स्टेशन पर चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया व सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने हेतू निर्देशित किया। इस दौरान गोविंदगढ़ रेल विकास मंच ने डीआरएम का माला, साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया और गंगापुर सिटी मथुरा एक्सप्रेस के संचालन हेतु मुंह मीठा करवा कर आभार प्रकट किया। रेल विकास मंच गोविंदगढ़ के अध्यक्ष गोपाला सोनी ने बताया कि स्वागत के साथ साथ डीआरएम को ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें आगरा से सुबह 4 बजे गोविंदगढ़, अलवर के रास्ते पुरानी दिल्ली जंक्शन अथवा नयी दिल्ली के लिए नई रेल सेवा चलाने तथा नई दिल्ली से शाम 5.30 बजे आगरा/मथुरा के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग की गई। वहीं गुवाहाटी श्रीगंगानगर का मार्ग परिवर्तन कर अलवर/गोविंदगढ़ के रास्ते चलाने, प्लेटफार्म 2 का कार्य पूर्ण करवाने, प्लेटफार्म 2 से फाटक तक सड़क बनवाने, एवं नई ट्रेनों को सेक्शन पर बढ़ाने की मांग प्रमुखता से रखी गई। जिस पर डीआरएम ने आश्वासन दिया की दिल्ली की रेल सेवा जल्द से जल्द चालू की जाएगी, एवं प्लेटफार्म नंबर 2 के निर्माण कार्य के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। इस दौरान अध्यक्ष गोपाला सोनी, पूर्व रेलवे सुझाव समिति सदस्य नवल किशोर सैनी, डॉ. गंगाराम यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सनातनी, रवि, शुभम, ओमदीप, अजीराम समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे है।

बांदीकुई में एफएमडी वैक्सीनेशन की समीक्षा बैठक आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। ब्लॉक वेटरनरी हॉस्पिटल में एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, दौसा, डॉ. प्रहलाद सिंह मीना ने की। इस दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और पशुधन निरीक्षकों ने भाग लिया। संयुक्त निदेशक डॉ. प्रहलाद सिंह मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौ वंश एवं भैंस वंश में वैक्सीनेशन कार्य समयबद्ध और

प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कोल्ड चेन को बनाए रखते हुए वैक्सीन का संपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके साथ ही, पशुपालकों को भी इस टीकाकरण अभियान के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे वे अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुओं का टीकाकरण करवा सके। बैठक में उपनिदेशक डॉ. नंद राम मीना, डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. हीरालाल बैरवा, डॉ. रमेश मीना, डॉ. बजरंग शर्मा, डॉ. अंकित कुमार सेठी, डॉ. अशोक शर्मा और डॉ. दिनेश मीना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति, संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यह जानकारी डॉ. अंकित कुमार सेठी द्वारा साझा की गई।

अलावड़ा नंगली में मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट, मामला दर्ज

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। रामगढ़ थाना अंतर्गत अलावड़ा नंगली गांव में बुधवार शाम 7 बजे मंदिर के पुजारी के साथ बाइकों पर आए तीन युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया। पुजारी के साथ मारपीट की सूचना पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो तीनों युवक मारपीट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर रामगढ़ व नौगांवा थाना अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का मौका मुआवना किया और आरोपी की तलाश में जुट गए। घटना को लेकर गुरुवार को दोपहर बाद हिंदू संगठनों के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया और पुजारी को साथ लेकर ग्रामीणों के साथ रामगढ़ थाने पहुंचे जहां पर आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

मंत्री की अनुशंसा पर क्षेत्र में 4 थ्री फेस ट्यूबवेल की स्वीकृति

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। शहर में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र आदर्श कॉलोनी दाऊदपूर, गायत्रीमंदिर रोड, मेहंदीबाग, सैनी धर्मशाला के पास सेड माता मंदिर के आसपास, सेडकीबावड़ी, जगन्नाथ मंदिर के सामने मालवीय नगर के आमजन की पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर रजवट के पास आदर्श कॉलोनी, सेड माता मंदिर के आसपास सैनी धर्मशाला के पीछे, सेठ की बावड़ी, नरुका कॉलोनी, गायत्री मंदिर रोड, श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने मालवीय नगर आदि स्थानों पर राशि 74.77 लाख के 4 थ्री फेज ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त ट्यूबवेलों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है।

पीडब्ल्यूडी की मनमर्जी को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। रामगढ़ कस्बे के बहादरपुर रोड पर पीडब्ल्यूडी के द्वारा आधा किलोमीटर के सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन बिना खुदाई कर पूर्व में बने सीसी रोड पर ही सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है।

इसी के विरोध में गुरुवार को दोपहर बाद बहादुरपुर रोड पर रहने वाले आकोशित मौहल्लवासी इकठ्ठा होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे जंहा पर एसडीएम सुरेंद्र प्रसाद के अनुपस्थिति में रीडर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की थी पूर्व में बनी सीसी रोड की खुदाईकर उसे पर दोबारा से रोड का निर्माण करने की मांग की गई है जिससे कि मोहल्ले वासियों को बरसात के मौसम में पानी भरने की समस्या न पैदा हो। बहादुरपुर रोड निवासी एडवोकेट सियाराम गुर्जर ने बताया कि बहादुरपुर रोड पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते रोड को बिना खुदे बिना ऊंचाई पर बनाया जा रहा है। जिसके कारण मोहल्ले में पानी भरने की समस्या पैदा हो जाएगी और बरसात के मौसम में घरों व दुकानों में पानी घुस जाएगा । इस रोड के निर्माण के कारण मोहल्ले वासियों के लिए विकट समस्या पैदा हो जाएगी । सियाराम गुर्जर ने प्रशासन व ठेकेदार पर मिलीभगत से भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। एसडीएम से मांग की है कि मोहल्ले वासियों की गंभीर समस्या पर गौर कर कार्रवाई की जाए वरना मजबूरी में मूलनिवासियों को आंदोलन करना पड़ेगा।

पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, जल संरक्षण की ली शपथ

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर

किशनगढ़ बास द्य क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फतियाबाद में नाथ समाज के सन्त सीताराम महाराज, संस्था प्रधान राजेश योगी और समस्त शाला स्टॉफ और बच्चों द्वारा विद्यालय में गर्मी की शुरुआत से श्रमदान कर सफ़ाई की गई और वर्षा जल संचयन और संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम के प्रभारी अध्यापक राजीव चौधरी ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। सन्त सीताराम महाराज ने इस अवसर पर विद्यालय में मूक प्राणियों के लिए पानी के परिंडे भी लगवाए। संस्था प्रधान राजेश योगी ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय मे जल संचयन काफी महत्वपूर्ण है। पूरे विश्व में पारिस्थितिक असंतुलन के कारण जलवायु में तेजी से

परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मानव जाति के अस्तित्व के लिए आवश्यक शुद्ध पेयजल तेजी से खत्म होता जा रहा है।

अतएव वर्षा जल का संचयन बहुत ज़रूरी हैं। पानी बचाने हेतु व्यापक जन जागरूकता बहुत जरूरी हैं। कार्यक्रम के प्रभारी अध्यापक और शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेश प्रवक्ता राजीव चौधरी ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी हैं, ऐसे में हम सभी अपने आस पास पक्षियों के पानी के परिंडे जरुर लगाएं और वर्षा ऋतु से पहले हम अपने आस पास के पानी संचयन के स्त्रोतों की साफ़ सफ़ाई कर हम वर्षा जल संचयन और संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। और इसके लिए हमें समय से पूर्व अपने आस पास नदी नालों, बावड़ियों, कुओं की साफ़ सफ़ाई करनी होगी। आज के समय में जल संरक्षण नित्यांत आवश्यक हैं और इसकी शुरुआत हमें घरों से करनी होगी। अपने-अपने घरों में नित्य कार्यों में पानी कम से कम खर्च करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ताकि भविष्य के लिए पानी को बचाया जा सके। इस अवसर पर संस्था प्रधान, समस्त स्टॉफ और बच्चों ने अभियान के तहत् जल संरक्षण की शपथ भी ली। कार्यक्रम में नाथ समाज के संत सीताराम महाराज, संस्था प्रधान राजेश योगी, कार्यक्रम के प्रभारी अध्यापक राजीव चौधरी, पवन यादव अध्यापक, पीटीआई गुरविंदर सिंह, अध्यापिका बबली, निशा भारद्वाज, इंटर्नशिप अध्यापिका और बच्चों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सोडावास-बानसूर मार्ग पर रोडवेज बसों का नहीं होता संचालन, निजी वाहनों के भरोसे यात्री

मॉर्निंग न्यूज @ सोडावास। बानसूर स्टेट हाईवे 52 पर रोडवेज बसों की सुविधा नही होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना आए दिन करना पड़ता है। वहीं निजी एवं डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर अपनी जान जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं निजी वाहन यात्रियों से मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं वही वाहन में ठस ठस कर सवारियां भर रहे हैं।

आपको बता दे इस समस्या को लेकर आसपास के गांवो के ग्रामीणों ने रोडवेज बस चलाए जाने को लेकर रोडवेज अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर बस के संचालन की मांग कर चुके हैं, बावजूद सरकार व प्रशासन की ओर से क्षेत्र में रोडवेज बस चलाए जाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस सड़क मार्ग पर लगने वाले गांवो के ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं है।

निजी वाहन संचालक सवारी के चक्कर में वाहन को मनमर्जी से चलाते हैं। अगर वाहनों में कम सवारियां होती है तो वाहन आगे जाने से मना कर बीच रास्ते में सवारियों को छोड़कर वापस लौट आते हैं। सोडावास-बानसूर मार्ग पर रोडवेज बस संचालित नहीं होने से ग्रामीण निजी वाहनों में जान जोखिम में डालकर सफल करते हैं। पूर्व में राज्य सरकार ने लोक परिवहन सेवा के नाम से शुरू की थी। इस पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को लगा कि अब उन्हें मनमाने किराए से निजात मिलेगी। लोक परिवहन बस सेवा ऑपरेटर ने ग्रामीण क्षेत्र में खास रुचि नहीं दिखाई। जिसके चलते लोगों को लोक परिवहन का लाभ नहीं मिल पाया। सोडावास से बानसूर स्टेट हाईवे 52 पर बसों का संचालन नहीं होने से यात्रा करने वाले युवा तो लटक कर सफर कर लेते हैं, वहीं महिला यात्री और छात्राए अधिक परेशान रहती है।

घंटे तक वाहनों के इंतजार में बस स्टैंड पर खड़ी रहती है। संत दीपाई नाथ महाराज चतरपुरा का मानना है कि सोडावास- बानसूर स्टेट हाईवे 52 पर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रामनवमी शोभायात्रा के लिए प्रथम पूज्य को किया आमंत्रित

मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू। चैत्र शुक्ल नवमी को चाकसू में श्रीराम नवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल शौभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शौभायात्रा की सफलता के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने तहसील कार्यालय के बाहर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर गणेशजी को निमंत्रण दिया। मंदिर पुजारी पंडित रामबाबू शर्मा ने गणेश पूजन करवाया एवं प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण खण्डेलवाल के अनुसार 6 अप्रैल रामनवमी को सवेरे 9 बजे गणेशपुरी धाम से गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीराम की भव्य शौभायात्रा की रवानगी होगी।

राम नवमी महोत्सव को लेकर बांटे पीले चावल

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई। शहर में 6 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले रामनवमी के पर्व को अलौकिक बनाए जाने के लिए शहर के प्रबुद्ध जनों मंडलों संगठनों, सेवा समितियों के द्वारा अपने अपने स्तर से रामकाज को सफल बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे है , सनातन की रक्षा के लिए सभी संगठनों ने एक होकर आज घर घर जाकर लोगो को पत्रक और पीले चावल देकर मातृ शक्ति को शोभायात्रा में चलने हेतु आमंत्रित किया, साथ ही इस्कॉन मंदिर से आए भक्तों के दल ने आज बांदीकुई शहर के आसपास के गांवों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को शोभायात्रा में चलने हेतु निवेदन किया, और भगवतगीता वितरित की, इस दौरान विभिन्न, मंडलों, संगठनों सेवा समितियों के सदस्य मौजूद थे।

निःशुल्क नेत्र जांच ऑपरेशन शिविर आज

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर। महावीर इन्टरनेशनल अलवर केंन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर मे मरीजों की नेत्र जांच कर मोतियाबिन्द के मरीजों चिन्हित कर लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जायेंगे।

पृष्ठ एक का शेष...

गर्मी के मौसम...

(पीएम कुसुम) ए तथा सी कम्पोनेन्ट्स मील का पत्थर साबित होंगे। इन कम्पोनेंट में अपेक्षित गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण में आरडीएसएस योजना की अहम भूमिका है। इस योजना की प्रभावी क्रियान्विति से घरेलू एवं अघरेलू उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी और उन्हें ट्रिपिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी। जयपुर, जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम्स इस योजना की प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। जो कॉन्ट्रेक्टर्स योजना के कार्यों को संपादित करने में अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

थाईलैंड की...

बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे।

भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में थाईलैंड का खास योगदान : पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है।

दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा : पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्स्स्थ्र, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलॉजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है।

आज थाईलैंड के राजा से मिलेंगे मोदी : प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न और रानी सुथिदा से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी बीआईएमएसटीईसी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन के बाद वे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से भी मुलाकात कर सकते हैं। यूनुस के मुख्य सलाहकार खलीलुर रहमान ने बुधवार को इसकी संभावना जताई है। बांग्लादेश में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन के बाद दोनों देशों के प्रमुख नेताओं की यह पहली मुलाकात होगी।

करणी माता मंदिर...

गया। लगभग छह वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम जी कुलरिया को मां करणी माता का कृपा आदेश प्राप्त हुआ था, और आज उनकी भक्ति का प्रतिफल सावन-भादो महाप्रसाद के दिव्य आयोजन के रूप में साकार हो रहा है। करणी माता को गुरुवार को दुनिया का सबसे बड़ा भोग चढ़ाया गया है। 500 से अधिक कार्यकर्ता कई दिनों से करणी माता मंदिर में डटे हुए थे। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट भी मिला है। श्री करणी माता निजी प्रन्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष बादल सिंह ने बताया कि गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया ने हमेशा सेवा, धर्म और मानवीय मूल्यों से जुड़े प्रकल्पों को अपनी सद्भावना को जनहित में आगे बढ़ाया। उनके विचारों और मार्गदर्शन से समाज को निरंतर प्रेरणा मिल रही है।

चूहों वाली माता के नाम से जाना जाता है मंदिर : बीकानेर शहर से 30-35 किलोमीटर दूर करणी माता का मंदिर है। इस मंदिर को चूहे वाले मंदिर के नाम से लोग जानते हैं। करणी माता के मंदिर में करीब 25 हजार चूहे हैं, जिन्हें काबा कहा जाता है। ये काबा माता की संतान माना जाते हैं। यहां पर काले चूहों साथ कुछ सफेद चूहे भी है, जिन्हें ज्यादा पवित्र माना जाता है।

बताया जाता है कि 20वीं शताब्दी की शुरुआत में बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह ने इस मंदिर को बनवाने का काम शुरू किया था। मंदिर की पूरी संरचना संगमरमर से बनी है और इसकी वास्तुकला मुगल शैली से मिलती-जुलती है। मंदिर के अंदर गर्भगृह में करणी माता विराजमान हैं।

अमेरिका ने...

के लिए कठिन होता। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे। भारत के अलावा चीन पर 34 प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन पर 20 प्रतिशत, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत और ताइवान पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिका में आने वाले सभी सामान पर 10 प्रतिशत बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

40 साल बाद...

अभी वह इंडियन एयरफोर्स में ऑफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

राज्यसभा में...

को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा कि संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं।

हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

भाजपा सांसद ठाकुर के बयान पर विपक्षी सांसदों का हंगामा : इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। दरअसल, ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा कि अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।

NAME CHANGE

I have changed my name from IQBAL HUSSAIN SHEIKH GULAM HUSSAIN TO IQBAL HUSSAIN SHAIKH R/O 87/46 Maulana ziyauddin colony block no.6 char darwaja jaipur raj

I Have Change My Name From Raj Kumar To Rajkumar Rao For All Purposses Add. D/738 Siddharth Nagar Jagatpura Jaipur Rajasthan

I Have Change My Name From Rakesh Kumar Kumawat To Rakesh Kumar. For All Purposses Add. Dev Road Deorod Jhunjhunu Deorod Rajasthan-333035

I have changed my name from Kamluddin to Kamaluddin for all purposes. R/o-97, Indra Kusht Ashram, Bharat Nagar, Jhotwara, Jaipur